प्रिय CHA रोगी,

आप रैनिटिडीन नामक एक दवाई ले रहे हो सकते हैं। इसका उपयोग सीने में जलन या पेट की समस्याओं का उपचार करने के लिए किया जाता है। रैनिटिडीन का एक और नाम “ज़ैन्टैक” है।

अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) ने पता लगाया है कि कुछ तरह की रैनिटिडीन में “NDMA” नामक एक रसायन की छोटी सी मात्रा होती है। NDMA की छोटी-छोटी मात्राएं कई खाद्य पदार्थों जैसे सब्ज़ियों, डेयरी उत्पादों और ग्रिल किए गए मांस में होती हैं।   बहुत बड़ी मात्रा में NDMA को लेने पर पशुओं में कैंसर का दीर्घावधि जोखिम बढ़ सकता है।

सावधानी के तौर पर, रैनिटिडीन बनाने वाली कुछ कंपनियों ने इसे बेचना बंद कर दिया है। लेकिन कुछ कंपनियाँ अब भी रैनिटिडीन बना रही हैं क्योंकि उन्हें अपने उत्पाद में NDMA नहीं मिला है।

हम समझते हैं कि यह समाचार चिंताजनक है। हो सकता है कि आपकी रैनिटिडीन इस समस्या से प्रभावित न हो।

आपको क्या करना चाहिए?

- इस समय एफडीए रैनिटिडीन को रोकने की अनुशंसा नहीं कर रहा है।
- यदि आपको रैनिटिडीन की जरूरत है, तो अपनी फार्मेसी को फोन करके पता करें कि क्या आपकी दवाई इससे प्रभावित है।   आप अपनी फार्मेसी का फोन नंबर अपनी दवाई की शीशी पर पा सकते हैं।
  - यदि आपकी दवाई प्रभावित है, तो फार्मेसी आपको इसे बेचने वाली किसी कंपनी से प्राप्त दवाई की नई आपूर्ति दे सकती है।
- यदि फार्मेसी आपको रैनिटिडीन की नई आपूर्ति नहीं दे सकती है, तो फार्मेसी से आपके डॉक्टर को फोन करने को कहें।
  - ऐसी अन्य दवाईयाँ उपलब्ध हैं जो रैनिटिडीन के जैसे ही काम करती हैं। आपका डॉक्टर आपके आजमाने के लिए किसी अलग दवाई का चुनाव कर सकता है।

11/18/2019